Aurangabad, Godda, Gumla, Hazarlbagb, Lohardaga, Navada and Raxaal

भारतीय प्रेस परिषद में उर्दू को प्रतिनिधित्व दिया जाना

2358. **श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ मीम अफ़ज़ल** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय प्रेस परिषद् की नवगठित समिति में इस समय उर्दू को कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह भारतीय प्रेस परिषद् के नियमों के विरुद्ध है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख) जी, हां ।

समाचार-पत्रों के नामों का पंजीयन

2359. **श्री अजीत जोगी** :
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) समाचार पत्रों के पंजीयक द्वारा 31 दिसम्बर, 1991 तक पंजीकृत किये गये समाचारपत्रों के नामों की भाषावार और राज्यवार संख्या कितनी है ;

(ख) क्या यह सच है कि एक समाचार पत्र का नाम पंजीकृत हो जाने के बाद, उसे निर्धारित अवधि के भीतर प्रकाशित करना होता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि नाम के पंजीयन के वास्तविक प्रयोग के बारे में एक निर्धारित समय सीमा के भीतर सूचना देनी होती है ;

(घ) क्या पंजीयक स्वयं पंजीकृत प्रकाशन के नाम के वास्तविक प्रयोग के संबंध में कोई जांच करते हैं; और

(ङ) क्या यह सच है कि पंजीकृत प्रकाशनों के नामों को निरस्त न किये जाने के कारण, जिनका कि वास्तव में प्रयोग नहीं किया जा रहा है, अनावश्यक भीड़भाड़ होने से नये आवेदक अपने प्रकाशनों के लिये उपयुक्त नामों का चयन नहीं कर पा रहे हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय के रिकार्ड और इसके द्वारा संकलित सूचना के अनुसार दिनांक 31-12-1990 तक कुल 28,491 पत्र-पत्रिकाओं के नामों का पंजीयन किया गया है । भाषावार और राज्यवार ब्यौरा विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**।

(ख) संबंधित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा घोषणा पत्र को अधिप्रमाणित किये जाने के बाद, उस समाचार पत्र को, जो सप्ताह में एक बार अथवा कभी कभार प्रकाशित होता है, घोषणा-पत्र के अधिप्रमाणन के छः सप्ताह के भीतर और अन्य समाचारपत्र को तीन महीने के अन्तर्गत प्रकाशित करना अपेक्षित है।

(ग) और (घ) जी, नहीं।

(ङ) जी, हां । चूंकि बड़ी संख्या में नाम पहले ही ब्लाक हो गये हैं अतः कुछ मामलों में नये शीर्षकों के चयन में कुछ अधिक समय लग सकता है।

विवरण

भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक के कार्यालय द्वारा 30-12-1990 तक भाषावार और राज्यवार पंजीकृत पत्र/पत्रिकाओं की संख्या

भाषा	पंजीकृत पत्र/पत्रिकाओं की संख्या	राज्य/संघ शासित प्रदेश	पंजीकृत पत्र पत्रिकाओं की संख्या
हिन्दी	9695	आंध्र प्रदेश	1435
अंग्रेजी	4777	अरुणाचल प्रदेश	3
असमिया	128	असम	255
बंगला	1917	बिहार	1241
गजराती	882	गोवा	74
कन्नड़	970	गुजरात	836
कश्मीरी	1	हरियाणा	569
मलयालम	1058	हिमाचल प्रदेश	99
मराठी	1385	जम्मू और कश्मीर	246
उड़िया	435	कर्नाटक	1439
पंजाबी	624	केरल	1318
संस्कृत	36	मध्य प्रदेश	1818
सिन्धी	82	महाराष्ट्र	3235
तमिल	1206	मणिपुर	110
तेलगू	715	मेघालय	63
उर्दू	1884	मिजोरम	89
द्विभाषी	1926	नागालैंड	0
बहु-भाषीय	339	उड़ीसा	522
अन्य	371	पंजाब	855
		राजस्थान	1850
		सिक्किम	8
		तमिलनाडु	165
		त्रिपुरा	88
		उत्तर प्रदेश	3879
		पश्चिम बंगाल	2735
		अंडमान और निकोबार	30
		चंडीगढ़	245
		दादरा और नगर हवेली	
		दमन और दीव	
		दिल्ली	3725
		लक्षद्वीप	—
		पांडिचेरी	59
कुल :	28491		28491